कार्यालय – प्राचार्य, शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा
जिला – दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
Website: www.gmkgc.in Email: gmkgcdantewada@gmail.com
Phone No. 07856-252646, 07856-252681

दन्तेवाड़ा, दिनांक 27/10/2021

# //सूचना//

महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29/10/2021 को दोपहर 03:00 बजे महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक आयोजित है अतः समस्त स्टॉफ बैठक के दौरान महाविद्यालय में उपस्थित रहें।

## :एजेंडा:

1. सत्र 2021–22 हेतु प्रवेश (रिक्त स्थान पर प्रवेश, सीट वृद्धि) के सम्बन्ध में ।
2. सत्र 2021–22 के लिये ऑनलाईन/ऑफलाईन अध्यापन के सम्बन्ध में।
3. वर्तमान सत्र 2021–22 के आंतरिक परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में।
4. ग्रन्थालय विस्तार के सम्बन्ध में।
5. परिसर विकास एवं निर्माण कार्य–
   - प्रयोगशाला निर्माण/मरम्मत–रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र एवं भूगोल।
   - महाविद्यालय खेल परिसर में स्थित कक्षों का मरम्मत/नवीनीकरण।
   - महाविद्यालय भवन में स्थित कक्ष कमांक 09, 21, 22, 23 एवं 24 का मरम्मत/नवीनीकरण।
6. महाविद्यालय के रंग–रोगन के सम्बन्ध में।
7. संविदा/कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों की सेवा–विस्तार एवं अतिरिक्त स्टॉफ (बुकलिफ्टर, प्रयोगशाला परिचारक, स्वच्छक ) की आवश्यकता पूर्ति के सम्बन्ध में।
8. महाविद्यालय के Alumni Association के निर्माण/पंजीयन के सम्बन्ध में।
9. महाविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने एवं वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत प्रवेश के सम्बन्ध में।
10. महाविद्यालय में आवश्यक फर्नीचर/उपकरण की उपलब्धता के सम्बन्ध में–
    - कार्यालयीन कार्यो हेतु कम्प्यूटर, एंटीवायरस ।
    - छात्राओं हेतु फर्नीचर–टेबल–300 नग, कुर्सी– 300 नग।
    - खेल सामग्री।

(डॉ. आर. के. हिरकने)
प्राचार्य
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय
दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Principal
Govt. Mahendra Karma Girls College Dantewada (South Bastar) C.G

# शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)
## बैठक दिनांक–29/10/2021

आज दिनांक 29.10.2021 को प्राचार्य की अध्यक्षता में शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित सदस्य, अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें–

| क्र. | नाम एवं पदनाम | मोबाईल नम्बर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. आर. के. सिरसरे प्राचार्य | 9424273798 | [signature] |
| 2 | डॉ संजय कन्नौजे Add Collector | 9424218682 | [signature] |
| 3 | श्रीमती जी. रेकराज वार्ड 06 | 9425592696 | [signature] |
| 4 | बलराम यादव प्राचार्य स.शि.मं. | 9406109385 | [signature] |
| 5 | श्रीमती ज्योति स्वर्णकार | 9424278886 | [signature] |
| 6 | श्रीमती अर्चना झा | 9406107696 | [signature] |
| 7 | कु. श्री अमिता सिंह चौहान | 7879880151 | [signature] |
| 8 | डॉ. अलका सिंह | 8085546224 | [signature] |
| 9 | कुमारी भूमिका साहू | 7389951709 | [signature] |
| 10 | हेमनारायण देवांगन | 9993321660 | [signature] |
| 11 | अरुण सौन्दर्य | 9424241472 | [signature] |
| 12 | लोकेन्द्र कुमार रावटे | 9..79056797 | [signature] |
| 13 | सनमत | 60979 | [signature] |
| 14 | श्री डिसोर. | 8602932958 | [signature] |
| 15 | जी.डी. अग्रवाल | 9406458268 | [signature] 29/10/2021 |
| 16 | सुरेन्द्र कुमार साहू | 8839897168 | [signature] 29.10.21 |
| 17 | Dr. Vivek Sharma | 9602458978 | [signature] |
| 18 | | | |
| 19 | | | |
| 20 | | | |
| 21 | | | |

[signature]
Principal
Govt. Mahendra Karma Girls College Dantewada (South Bastar) C.G.

# शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा

## आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

### *सूक्ष्म वृत्त (Minutes) बैठक दिनांक – 29/10/2021*

आज दिनांक 29/10/2021 को अपराह्न 03:00 बजे प्राचार्य की अध्यक्षता में शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के सदस्य अपर जिला कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, जन प्रतिनिधि श्रीमती जी. रेणु राव, शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ज्योति स्वर्णकार, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य श्री बलराम यादव एवं अन्य सदस्यों के साथ महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें। बैठक में लिये गये निर्णय/सूक्ष्म वृत्त (Minutes) निम्नानुसार है–

1. सत्र 2021–22 हेतु रिक्त स्थान पर प्रवेश एवं सीट वृद्धि के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि सीट वृद्धि हेतु प्रवेश प्रभारी श्रीमती अर्चना झा के द्वारा विषयवार वृद्धि की जाने सीटों के लिये मांग प्रस्ताव प्राचार्य के समक्ष उपलब्ध कराया जायेगा।
2. सत्र 2021–22 के लिये ऑनलाईन/ऑफलाईन अध्यापन के सम्बन्ध में प्राचार्य द्वारा निर्देशित किया गया कि आयुक्त महोदया से स्नातकोत्तर स्तर पर ऑफलाईन तथा स्नातक स्तर पर ऑनलाईन अध्यापन हेतु आदेश प्राप्त हुआ है, अतः उक्त आदेश की अनुपालना में स्नातकोत्तर स्तर पर ऑफलाईन तथा स्नातक स्तर पर ऑनलाईन अध्यापन कराये जाने हेतु प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों को निर्देशित किया गया।
3. वर्तमान सत्र 2021–22 के आंतरिक परीक्षा के सम्बन्ध में माह दिसम्बर–2021 के द्वितीय सप्ताह में त्रैमासिक परीक्षा के आयोजन का निर्णय लिया गया।
4. ग्रन्थालय विस्तार के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि कक्ष कमांक 16 तथा ग्रन्थालय के मध्य की दीवार हो हटाते हुए कक्ष कमांक 16 को ग्रन्थालय में शामिल किया जाये जिसके लिये प्राचार्य द्वारा लोक निर्माण विभाग, दन्तेवाडा से पत्र व्यवहार किया जायेगा।
5. परिसर विकास एवं निर्माण कार्य–
   - प्रयोगशाला निर्माण/मरम्मत–रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र एवं भूगोल।
   - महाविद्यालय खेल परिसर में स्थित कक्षों का मरम्मत/नवीनीकरण।
   - महाविद्यालय भवन में स्थित कक्ष कमांक 09, 21, 22, 23 एवं 24 का मरम्मत/नवीनीकरण।

   उपरोक्त विकास एवं निर्माण कार्य के लिये आवश्यक बजट की मांग हेतु लेखा शाखा द्वारा तैयार प्राक्कलन के आधार पर प्राचार्य द्वारा जिला कलेक्टर महोदय से व्यक्तिगत चर्चा करने तथा जिला प्रशासन, दन्तेवाडा के माध्यम से आयुक्त–उच्च शिक्षा विभाग से पत्र व्यवहार किया जाने का निर्णय लिया गया।
6. महाविद्यालय के रंग–रोगन के सम्बन्ध में कार्यालय द्वारा लोक निर्माण विभाग, दन्तेवाडा से पत्र व्यवहार किया जाये।
7. संविदा/कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों की सेवा–विस्तार एवं अतिरिक्त स्टॉफ (बुकलिफ्टर, प्रयोगशाला परिचारक, स्वच्छक ) की नियुक्ति एवं वेतन भुगतान हेतु लेखा शाखा द्वारा प्राक्कलन तैयार कर DMF निधि के अन्तर्गत राशि उपलब्ध करवाने हेतु प्राचार्य द्वारा जिला कलेक्टर महोदय से व्यक्तिगत चर्चा करने तथा उक्त पदों के सृजन हेतु कार्यालय द्वारा आयुक्त–उच्च शिक्षा विभाग से पत्र व्यवहार किया जाने का निर्णय लिया गया।

29/10/2021 29.10.2021 29/10/2021

29/10/2021 29.10.21 29.10.21

29/10/2021

29.10.2021 29/10/2021 29/10/2021

P.T.O.

8. महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन के उद्देश्य से Student satisfaction survey, Feedback mechanism तथा Alumni Association सम्बन्धी जानकारी तैयार करने हेतु दिनांक 10/02/2021 को समिति गठित की गई थी। समिति के संयोजक श्रीमती अर्चना झा द्वारा यह तथ्य प्रस्तुत किया गया की पंजीयन हेतु आवश्यक शुल्क के अभाव में Alumni Association के निर्माण/पंजीयन नहीं हो पाया।

अतः लेखा शाखा के माध्यम से जन भागीदारी समिति (JBS) मद से पंजीयन हेतु आवश्यक शुल्क प्राप्त करने तथा Alumni Association के निर्माण/पंजीयन की समस्त प्रकिया यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु समिति के संयोजक श्रीमती अर्चना झा को निर्देशित किया गया।

9. महाविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु प्रवेश प्रभारी से प्रस्ताव मांगा गया एवं वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत प्रवेश के सम्बन्ध में कार्यालय द्वारा पोषक शालाओं में वाणिज्य विषय के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्राओं की जानकारी प्राप्त करने तथा आयुक्त–उच्च शिक्षा विभाग से पत्र व्यवहार किया जाने का निर्णय लिया गया।

10. महाविद्यालय में आवश्यक फर्नीचर/उपकरण की उपलब्धता के सम्बन्ध में–
   - कार्यालयीन कार्यो हेतु कम्प्यूटर, एंटीवायरस एवं छात्राओं हेतु फर्नीचर–टेबल–300 नग, कुर्सी– 300 नग की आपूर्ति हेतु आवश्यक बजट की मांग हेतु लेखा शाखा द्वारा तैयार प्राक्कलन के आधार पर प्राचार्य द्वारा जिला कलेक्टर महोदय से व्यक्तिगत चर्चा करने का निर्णय लिया गया।
   - खेल सामग्री के कय हेतु महाविद्यालय की कीडा समिति द्वारा मांग पत्र प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाने का निर्णय लिया गया तथा प्रस्तुत मांग पत्र के अनुसार आवश्यक राशि कीडा समिति को छात्राओं से प्रवेश के समय प्राप्त शुल्क में से उपलब्ध कराने हेतु लेखा शाखा को निर्देशित किया गया।

**विगत बैठक के शेष कार्य/प्राचार्य द्वारा चर्चा किये गये अन्य मुद्दो के सम्बन्ध में–**

11. लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित कारली स्थित महाविद्यालय के छात्रावास के यथाशीघ्र अधिग्रहण करने हेतु द्वारा लोक निर्माण विभाग, दन्तेवाडा से पत्र व्यवहार किया जाने तथा अधिग्रहण पश्चात महाविद्यालय भवन के पीछे स्थित छात्रावास से विनिमय करने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

12. महाविद्यालय के IIQA जमा करने के सम्बन्ध में यह तथ्य सामने आया कि SSR के अन्तर्गत शेष तीन Criterion- 03, 06, एवं 07 तैयार एवं जॉच करने के सम्बन्ध में दिनांक 17/06/2021 को विभिन्न समितियों का गठन करते हुए कार्य विभाजन किया गया था। अतः समितियों द्वारा तैयार उक्त Criterion- 03, 06, एवं 07 को जॉच कर निर्धारित फोरमेट में पूर्ण करने तथा सत्यापन कर दिनांक 30 नवम्बर, 2021 तक प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत कराने हेतु सम्बन्धित जॉच अधिकारी को आदेशित किया गया।

    उक्त Criterion- 03, 06, एवं 07 निर्धारित फोरमेट में तैयार होने के पश्चात ही IIQA जमा किये जाने का निर्णय लिया गया।

13. वाटर हारवेस्टिंग, सोलर एवं ग्रीन कैम्पस का निर्माण/विकास के शेष कार्य को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के माध्यम से यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु लेखा–शाखा/कार्यालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के कार्यक्रम प्रभारी को निर्देशित किया गया।

14. महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई करवाये जाने हेतु कार्यक्रम प्रभारी को निर्देशित किया गया।

15. स्टॉफ की आवश्यकता–बुकलिफ्टर, प्रयोगशाला परिचारक, स्वच्छक के लिये आवश्यक बजट की मांग हेतु लेखा शाखा द्वारा प्राक्कलन तैयार कर आयुक्त–उच्च शिक्षा विभाग अथवा जिला प्रशासन दन्तेवाडा से पत्र व्यवहार किया जायेगा।

16. छात्रावास अधिग्रहण के सम्बन्ध में कार्यालय द्वारा लोक निर्माण विभाग, दन्तेवाडा से पत्र व्यवहार किया जायेगा।

29/10/2021 29.10.21 29.10.2021 29/10/2021 29/10/2021 29.10.2021 29.10.2021 29/10/2021 29/10/2021

(डॉ. आर. के. हिरकने)
प्राचार्य
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय

Principal
Govt. Mahendra Karma Girls College Dantewada (South Bastar) C.G